# तैयारियां परखने गए डिप्टी सीएम ने ठंड से कांप रहे मरीज को दी अपनी सदरी

## ● प्रदेश भर के 400 से अधिक डेडीकेटेड हॉस्पिटल में हुई मॉक ड्रिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**कोरोना** के बढ़ते खतरे के बीच मंगलवार को प्रदेश भर के 400 से अधिक डेडीकेटेड हॉस्पिटल में मॉक ड्रिल हुई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मॉक ड्रिल के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों से बातचीत की। ऑक्सीजन सप्लाई और वेंटिलेटर को लेकर की गई तैयारियों को देखा।

प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आज मॉक ड्रिल की हकीकत परखने के लिए राजधानी के जिला अस्पताल बलरामपुर पहुंचे। रिसेप्शन पर उनकी थर्मल स्क्रीनिंग करने के साथ ही हैंड सैनिटेशन किया गया। यहां उन्होंने मॉक ड्रिल का शुभारंभ करते हुए ऑक्सीजन की उपलब्धता से लेकर वेंटिलेटर, आईसीयू आदि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर अलर्ट मोड में रहें। अस्पताल में सभी स्टाफ बिना मास्क के न आए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि कोरोना को लेकर किसी भी चीज की जरूरत है तो वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान डिप्टी सीएम ने दवाओं, वैक्सीन समेत अन्य आवश्यक चीजों की उपलब्धता की बारीकी से जांच की। वहीं बचाव के लिए डेडीकेटेड हॉस्पिटल में मॉक ड्रिल हुई। जिसमें वेंटीलेटर, दवा, ऑक्सीजन का उपलब्धता को परखा गया। इस दौरान आईसीयू वार्ड में ऑक्सीजन प्लांट का प्रेशर की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान हर जिले में सरकार की ओर से नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे। इसके साथ ही चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में डब्ल्यूएचओ के सविलांस मेडिकल ऑफिसर की निगरानी में मॉक ड्रिल किया गया।

बलरामपुर अस्पताल के एसएसबी ब्लॉक में जाते ही ब्रजेश पाठक हॉल नंबर-311 के सामने बनवारी नाम के मरीज को ठंड से कांपते देखा। डिप्टी सीएम ने अपनी सदरी उतार कर खुद उसे पहना दी। पास खड़े अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ जीपी गुप्ता को मरीज का सही से इलाज करने के निर्देश दिया। फिर खुद शॉल ओढ़ कर आगे बढ़ गए। अस्पताल के निदेशक डॉ रमेश गोयल ने बताया कि खुर्दही बाजार का मरीज को करीब एक सप्ताह पहले एसएसबी ब्लॉक के रूम 21-ए में माइनर ऑपरेशन के बाद भर्ती किया गया था। उसकी ड्रेसिंग होनी थी। वहां बैठकर वो इंतजार कर रहा था। तभी डिप्टी सीएम ने उससे मिलकर हालचाल लिया। वहीं शाम को बनवारी को चिकित्सालय प्रशासन की तरफ़ से एक जैकेट, एक जीन्स और एक फूल सूट दिया गया।

### राजधानी में भी परखी गईं तैयारियां

**जनपद में** कोविड-19 के संक्रमण के प्रबन्धन की तैयारियो की समीक्षा के लिए आयोजित माकड्रिल में डा एपी सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी लखनऊ द्वारा 50 शैय्या एमसीएच विंग सीएचसी चिनहट, डा आरबी सिंह अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 30 शैय्या एमसीएच विंग सीएचसी मोहनलालगंज, डा अनूप श्रीवास्तव अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 30 शैय्या एमसीएच विंग सीएचसी मलिहाबाद, डा निशान्त निर्वाण उप मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा डा एसपीएम चिकित्सालय, डा केडी मिश्रा उप मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा राम सागर मिश्र 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय साढामऊ, सीएचसी बीकेटी, डा रवि पाण्डेय उप मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा 50 शैय्या एमसीए विंग सीएचसी गोसाईगंज, डा रितेश द्विवेदी, अधीक्षक अर्बन सीएचसी रेडक्रास द्वारा बलरामपुर चिकित्सालय, डा सोमनाथ, उप मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सीएचसी गुडम्बा, डा शाहिद रजा, अधीक्षक अर्बन सीएचसी चन्दरनगर द्वारा लोकबन्धु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ में प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के राजकीय मेडिकल कालेज एवं निजी में भी माकड्रिल का आयोजन किया गया।

## एसजीपीजीआई में नेटवर्किंग स्विच चोरी

**लखनऊ।** पीजीआई स्थित एसपीजीआई में चोरों ने बीती एक कमरे का ताला तोड़कर नेटवर्किंग स्विच चोरी कर लिए गए। जिनकी कीमत करीब पच्चीस लाख रुपए बताई जा रही है। पीजीआई पुलिस ने अस्पताल द्वारा बताये गये कुछ कर्मचारियों पर शक जाहिर किया गया जिसके आधार पर पूछताछ जारी है लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई कामयाबी हाथ नहीं लग सकी थी। एफ ब्लाक कस्मंडा हाउस पार्क रोड हजरतगंज निवासी सौरभ पाल ने पीजीआई पुलिस को सूचना दी कि वह एसपीजीआई एमएस स्थित परिसर भवन में काम करता है। उसने बताया कि उक्त कमरे का ताला तोड़कर चोरों द्वारा कमरे में रखे स्विच चुरा लिए हैं। जिनकी कीमत करीब पच्चीस लाख रुपए हैं। यह नेटवरकिंग स्विच सीआईएसओ कम्पनी के हैं। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ शुरू कर दी है।

# पहले चरण में 1790 स्टाफ नर्स की होगी भर्ती, पीजीआई कराएगा परीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य सरकार** द्वारा नर्सिंग सेवा परिनियमावली को मंजरी दिए जाने के बाद पहले चरण में 1790 स्टाफ नर्सों की नियुक्ति को भी हरी झंडी मिल गई है। नियुक्ति को लेकर एसजीपीजीआई को परीक्षा कराने के लिए अधिकृत किया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने तीन माह में प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिये हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रक्रिया को अपनाते हुए हर साल करीब दो हजार नर्सों की नियुक्ति की जाएगी।

मंगलवार को योजना भवन में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी की शासी निकाय बैठक में मंगलवार को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मुहर लगी। पदेन अध्यक्ष ब्रजेश पाठक की अध्यक्षता में आहूत बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, विभागीय अफसरों व महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की उपस्थिति में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें नर्सिंग सेवा परिनियमावली को स्वीकृति, महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के अधिकारों में वृद्धि व अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अलग-अलग फंडों को लेकर अनुमति प्रदान की गई। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि दूसरे महत्वपूर्ण निर्णय के तहत इन महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को नियुक्ति, अवकाश स्वीकृति, क्रय, अनुरक्षण व अन्य प्रशासनिक व वित्तीय अधिकारों का अनुमोदन किया गया है। इससे स्थानीय स्तर पर ही निर्णय लेने में आसानी रहेगी एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में भी विलम्ब नहीं होगा। महाविद्यालयों के बैंक खातों को संचालित करने के लिए भी प्रधानाचार्यों को अधिकार दे दिए गए हैं। इन बैंक खातों में जमा धन का उपयोग मरीजों व छात्रों के हित में किया जाएगा। तीसरे महत्वपूर्ण निर्णय के तहत संबंधित संस्थानों में दवा व उपकरण खरीदने हेतु एसजीपीजीआई की तर्ज पर हॉस्पीटल रिवॉल्विंग फंड व पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी व मरीजों को अन्य जांचें उपलब्ध कराने के लिए इंवेस्टिगेशन रेंडरिंग फंड की व्यवस्था को भी हरी झंडी मिल गई है। इन फंडों के जरिए स्थानीय स्तर पर ही मरीजों को सभी सुविधाएं मिल जाएंगी।

## चोरी की कार के साथ दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** की गाजीपुर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल व स्कूटी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी को जेल रवाना कर दिया है। उधर कृष्णानगर पुलिस ने एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी बरामद हुई है। फिलहाल पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर गोमतीनगर पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की हुई आई टेन कार बरामद कर जेल रवाना कर दिया है।

इंस्पेक्टर गाजीपुर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि डीसीपी उत्तरी के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम इलाके में गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर चोर चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम कुर्माचल गाजीपुर निवासी यशराज कार्की बताया। पुलिस का कहना है कि आरोपी पर चार अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने शातिर के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल व स्कूटी बरामद की है। उधर इंस्पेक्टर कृष्णानगर विक्रम सिंह ने बताया कि इलाके में स्थित एक मंदिर के पास से स्कूटी चोरी होने की सूचना मिली। इस दौरान डीसीपी साउथ की सर्विलांस टीम व स्थानीय पुलिस की मदद से शातिर बाल अपचारी को दबोच लिया जिसके कब्जे से चोरी की हुई स्कूटी बरामद कर ली गयी। बताया जा रहा है कि आरोपी अपने शौक पूरा करने के लिए चोरी की घटनाएं करने की बात कबूल की है। उधर गोमतीनगर पुलिस ने दो शातिर चोरों गोमतीनगर विस्तार निवासी सौरभ गुप्ता व सुल्तानपुर निवासी आयुष प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से चोरी की हुई आई टेन कार बरामद की गयी है।

## क्विक न्यूज

### राजधानी में 22 केंद्रों के नाम कटे, 13 नए जोड़े गए

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 2023 का आयोजन कराने के लिए राजधानी में 135 परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी की गई थी। बोर्ड की ओर से इन परीक्षा केंद्रों पर 14 दिसंबर तक आपत्ति मांगे गए थे। जिस पर राजधानी में 187 आपत्ति स्कूलों की ओर से दर्ज कराए गए थे। जिला समिति की बैठक में इन आपत्तियों के निस्तारण के निर्देश दिए थे। जिसके बाद राजधानी में प्रस्तावित 135 परीक्षा केंद्रों में से 22 के नाम काटकर उनकी जगह पर 13 नए विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

### युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की विभूतिखंड पुलिस ने एक शोहदे को गिरफ्तार किया है जो एक युवती को राह चलते परेशान कर रहा था और उसके साथ छेड़छाड़ करता था। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के मुहल्ले में ही आरोपी रहता था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड राम सिंह ने बताया कि वादिनी द्वारा तहरीर देकर बताया कि उसके मोहल्ले में रह रहे युवक ने उससे शादी का दबाव बनाया मना करने पर वह आये दिन मेरा पीछा करने लगा और जब उसका विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी और गाली गलौज शुरू कर दी। पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोप सही पाये और मंगलवार की प्रातः आरोपी प्रशांत कुमार यादव उर्फ सनी को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ मे उसने बताया कि वह उक्त युवती को पसंद करता था और उससे शादी करना चाहता था लेकिन वह लगातार मना कर रही थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को जेल रवाना कर दिया है।

### सोलर पैनल उड़ा ले गए चोर

**मोहनलालगंज।** कड़ाके की सर्दी में बेखौफचोर मोहनलालगंज पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ब्लाक परिसर से सोलर पैनल चोरी की वारदात का अब तक खुलासा नही हो सका था। एसएसबी कैम्प से लाखों के सोलर पैनल चोरी की घटना ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। फिलहाल केस दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। मोहनलालगंज ब्लाक भवन की छत से कुछ दिन पूर्व बेखौफचोर लाखों के सोलर पैनल खोल ले गए थे। बीडीओ पूजा सिंह की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज की लेकिन वारदात को अंजाम देकर फरार चोर अब तक पुलिस की पकड़ से दूर हैं। बिन्दौवा इलाके में सोलर पैनल चोरी की एक और वारदात ने पुलिस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस बार चतुर्थ वाहिनी एसएसबी कैंप की एक पुरानी बिल्डिंग से लाखों के सोलर पैनल चोरी किए गए हैं। एसएसबी के इंस्पेक्टर गोविन्द द्विवेदी ने मोहनलालगंज पुलिस से शिकायत कर एफआईआर दर्ज कराई है। हालांकि सरकारी भवनों में लगातार चोरी की वारदातें आमजन की बेचैनी बढ़ाने वाली हैं। उधर लगातार हो रही चोरियां कड़ाके की ठण्ड में पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर रही हैं।

# एडमिट कार्ड पर नहीं होगा रोल नंबर तो बोर्ड देगा नंबर

## ● इस बार क्षेत्रीय कार्यालय से नहीं जारी होंगे रोल नंबर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हाईस्कूल** व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के एडमिट कार्ड पर इस बार रोल नंबर अंकित नहीं मिला तो फिर स्कूलों को सीधे यूपी बोर्ड से संपर्क करना होगा। इस बार क्षेत्रीय कार्यालय से रोल नंबर नहीं जारी किये जायेंगे। हर बार एडमिट कार्ड पर रोल नंबर न होने पर डीआईओएस लेवल पर आवेदन लेकर क्षेत्रीय कार्यालय से रोल नंबर जारी कर दिए जाते थे।

इस बावत उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिशद ने एक सर्कुलर जारी कर सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने हर एक छात्र के रोल नंबर और पंजीकरण आवंटन परीक्षा से पहले सुनिश्चित करा लें। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल की ओर से पत्र भेज कर इस बार परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन नहीं कर पाने वाले छात्रों को क्षेत्रीय कार्यालय स्तर से परीक्षा के दौरान अनुक्रमांक आवंटित नहीं करने के निर्देश दिए हैं। ज्वाइंट डायरेक्टर लखनऊ मंडल सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि आगामी बोर्ड परीक्षा में किसी कारणवश परीक्षार्थियों को अंतिम अनक्रमांक आवंटित न नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा फार्म भरने व अपलोड करने के बाद संशोधन के लिए स्कूलों को पर्याप्त समय दिया गया था ताकि परीक्षा फार्म में नाम, पता, जन्मतिथि आदि किसी भी कॉलम में त्रुटि का सुधार कर सके। इसके बाद भी अगर किसी छात्र के परीक्षा फॉर्म में कोई गलती या अनुक्रमांक नहीं आता है तो इसके लिए स्कूल जिम्मेदार होंगे।

अगर छात्र का अनक्रमांक आवंटित नहीं होता है तो इसके लिए स्कूल लिखित में डीआईओएस को सूचना देंगे। जिसे डीआईओएस बोर्ड को भेजेंगे। जहां से छात्र का रोल नंबर आवंटित किया जाएगा।



महापौर संयुक्ता भाटिया ने लोकमंगल दिवस के अवसर पर जोन 7 में जनता की जनसमस्याओं का निस्तारण किया

## मोहनलालगंज में पत्नी पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर भाग निकला पति

**मोहनलालगंज।** खुझौली इलाके में पति ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने से मना करने पर नाराज पति ने पत्नी के प्राइवेट पार्ट पर ब्लेड से हमला कर लहूलुहान कर दिया। जख्मी पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराकर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। मोहनलालगंज के एक गांव निवासी युवक की छह साल पूर्व शादी हुई थी। लेकिन उसे संतान नही है। जिसे लेकर युवक अपनी पत्नी से मारपीट करता है। पति की इन हरकतों से तंग आकर तीन माह से पत्नी मायके में रह रही थी। सोमवार को ससुराल पहुंचा पति गलती सुधारने का भरोसा देकर पत्नी को घर ले आया। घर लौटते ही पति ने इन्सानियत को शर्मसार करने वाली हरकत अंजाम दे डाली। अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाने से इंकार करने पर आरोपी पति ने ब्लेड से पत्नी के प्राइवेट पार्ट पर जानलेवा वार कर गम्भीर रुप में जख्मी कर दिया। लहूलुहान हालत में दर्द से कराह रही पत्नी ने मदद के लिए शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़िता ने किसी तरह अपने भाई को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे भाई ने पुलिस को सूचना देकर जख्मी हालत में बहन को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया पीड़िता के भाई की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी पति की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष व एलयू के बीच हुआ एमओयू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**काकोरी कांड** स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेडियो जयघोष का उद्घाटन संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए किया था। इसी दिशा में मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय तथा मंत्री संस्कृति और पर्यटन जयवीर सिंह की उपस्थिति में संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। अनुबंध के जरिए कला, संस्कृति, शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र मे मिलकर सहयोग कार्य करने पर बढ़ावा दिया जाएगा।

इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन विभाग जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से सबसे समृद्ध है। जरूरत अवसरों के उपयोग की हैं, जिसमें युवाओं को भागीदार होना है। इस कार्य में रेडियो जयघोष अहम कड़ी साबित होगा। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रदेश के हर हिस्से से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते हैं। एक तरह से विश्वविद्यालय पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है। हमें खुशी है कि हमारे प्रयासों को समाज के बीच ले जाने, विद्यार्थियों की प्रतिभा को रेडियो जयघोष के रूप में नियमित अवसर हासिल होंगे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि अनुबंध के तहत संचालित गतिविधियों से प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे विषयों के साथ ही शोधकार्यों पर विमर्श बढ़ेगा।

ज्ञात हो कि रेडियो जयघोष संस्कृति विभाग की स्वायत्त इकाई उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में संचालित है। उन्होने बताया कि अनुबंध के तहत रेडियो जयघोष के साथ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर्स और विद्यार्थी कार्यक्रमों के निर्माण और प्रसारण की प्रक्रिया में भागीदार होंगे। सीखने के साथ स्टूडेंट्स देश और प्रदेश के विशेषज्ञों के विचारों से परिचित होंगे। बता दे कि लखनऊ विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान द्वारा इस वर्ष पर्यटन एम्बेस्डर एवार्ड-2022 उत्तर प्रदेश में पर्यटन के संवर्धन एवं समृद्धि में उल्लेखनीय कार्यों एवं समर्पित नेतृत्व के लिए जयवीर सिंह को दिया गया है। इस मौके पर संस्कृति विभाग के विशेष सचिव आनंद कुमार, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सचिव तरुण राज, रेडियो जयघोष के कोऑर्डिनेटर दुर्गेश पाठक, रेडियो प्रस्तोता राधेश्याम दीक्षित, सुष्मित त्रिपाठी, समरीन सिद्दीकी सहित रेडियो जयघोष की टीम मौजूद रही।

## पीएचडी के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

**लखनऊ विश्वविद्यालय** के पीएचडी रेगुलर सत्र 2022-23 के आनलाइन प्रवेश फॉर्म बुधवार से उपलब्ध होंगे। ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 16 जनवरी 2023 है। जनरल, ओबीसी के लिए आवेदन शुल्क 2000 रुपए हैं। जबकि एससीए एसटी व दिव्यांग के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपए निर्धारित है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश सम्बन्धित सभी सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं।

## यूपी महोत्सवः अवधी लोक नृत्य संग बिखरी कथक की मोहक छटा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रगति पर्यावरण** संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज लखनऊ में चल रहे 15वें यूपी महोत्सव-2022 की चौथी सांस्कृतिक संध्या में अवधी लोक नृत्य संग कथक की मोहक छटा बिखरी। महोत्सव की चौथी सांस्कृतिक सन्ध्या का शुभारम्भ अवधी लोकनृत्य से हुआ। विशाल गुप्ता और अरुण सोनकर के निर्देशन में नीतू, दिशा, सोनाली, अर्चना, खुशबू, मोहित और शिवम ने रेलिया बैरन पिया को लिए जाये रे पर आकर्षक अवधी लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मनमोहक प्रस्तुति के उपरान्त वीणा वरदायार्न डांस ग्रुप के कलाकारों ने पिया मेहंदी मगाय दा गीत पर सम्मोहक लोकनृत्य की मनोरम छटा बिखेरी।

संगीत से सजे इस कार्यक्रम के अगले सोपान में अविशी भारद्वाज ने कथक नृत्य की हृदयग्राही प्रस्तुति दी। अविशी ने कथक के पारम्परिक स्वरूपों यथा उपज, थाट, आमद, परन, तोड़े, टुकड़े, तिहाई, गत आदि को प्रस्तुत कर भाव नृत्य से अपने कार्यक्रम को विराम दिया। हृदय के सुप्त कपाटों को झकझोर देने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त आयुशी तिवारी ने बॉलीवुड गीत चने के खेत में पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की कंजूस तालियां बटोरीं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए दिव्या सहित अन्य कलाकारों ने अपनी खनकती हुई आवाज में ऐ वतन वतन मेरे आबाद रहे तू गीत को सुनाकर श्रोताओं में देशभक्ति की भावना जागृत की। इसके पूर्व आज दिन में आयोजित यूपी टैलेन्ट हंट के अंतर्गत काव्य प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों और युवाओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित की।

# शैक्षणिक व अकादमिक कार्यक्रम शिक्षण प्रक्रिया के महत्वपूर्ण अंग: आनंदीबेन पटेल

## राज्यपाल ने इंडियन कांउसिल ऑफ केमिस्ट के 41वें सम्मेलन को ऑनलाइन सम्बोधित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा आयोजित इण्डियन कांउसिल आफ केमिस्ट के 41वें सम्मेलन को राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के रसायन विभाग द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता और शोध परियोजनाओं के सफल सम्पादन की चर्चा की। उन्होंने विश्वविद्यालय के सामाजिक दायित्वों को लक्ष्य करते हुए आत्मनिर्भर भारत निर्माण की दिशा में 'एक महाविद्यालय एक गांव' की तर्ज पर गांव को गोद लेकर स्वास्थ्य समस्याओं के निराकरण में सहयोग करने, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, स्वच्छता अभियान जैसे विविध विकास कार्यों को करवाकर इस दिशा में उत्तरदायित्वों के सफल निर्वहन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक और परास्नातक स्तर पर नई शिक्षा नीति-2020 लागू करने, वोकेशनल कोर्स प्रारम्भ करने तथा नैक मूल्यांकन की तैयारी के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। सम्मेलन के आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक और अकादमिक कार्यक्रम शिक्षण प्रक्रिया के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। इनसे न सिर्फ ज्ञानार्जन होता है अपितु सामाजिक समस्याओं का समाधान भी प्राप्त होता है। इसी क्रम में राज्यपाल ने देश के वैज्ञानिकों द्वारा कोरोना जैसी महामारी की रोकथाम के लिए देश में स्वदेशी वैक्सीन के सफल निर्माण का उल्लेख भी किया।

उन्होंने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों ने आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम बढ़ाते हुए स्वदेशी वैक्सीन को-वैक्सीन और कोवीशील्ड विकसित की थी, और अब नेजल वैक्सीन इनकोवैक भी तैयार कर ली है, जिसे भारत सरकार ने बूस्टर डोज के तौर पर अपने कोविड-19 वैक्सीनेशन प्रोग्राम में शामिल कर लिया है। इसी क्रम में राज्यपाल ने विश्व में कोरोना के पुनः बढ़ते प्रसार को देखते हुए सभी से कोरोना सम्बन्धी सावधानियां और ऐहतियात रखने को कहा। राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में देश में हो रही जी-20 देशों की बैठकों का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि ये बैठकें उत्तर प्रदेश के चार शहरों-आगरा, वाराणसी, लखनऊ व ग्रेटर नोएडा में भी पहली दिसम्बर, 2022 से 30 नवम्बर, 2023 तक आयोजित हो रही हैं।

# गोसंरक्षण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों का रोका जाएगा वेतन: धर्मपाल

● अभियान चलाकर निराश्रित व बेसहारा गोवंश का किया जाए संरक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पशुधन** एवं दुग्ध विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि निराश्रित गोवंश की देखभाल के लिए अधिकारी जनपदों में गोआश्रय स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण करें और गोवंश को ठण्ड से बचाव, चारा-भूसा, प्रकाश, चिकित्सा, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाएं। साथ ही 01 जनवरी से 31 मार्च 2023 तक युद्धस्तर पर अभियान चलाते हुए बेसहारा एवं निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जाये। निराश्रित गोवंश संबंधी किसी भी कार्य में लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी और ऐसा करने पर संबंधित अधिकारी का वेतन रोकने की कार्यवाही भी की जायेगी।

पशुधन मंत्री ने यह बात मंगलवार को विधानसभा के मुख्य भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में वृहद गोसंरक्षण केन्द्र के निर्माण कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति तथा निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों की अद्यतन स्थिति एवं गोवंश के ठण्ड से बचाव व उपाय आदि कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मंत्री जी ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन जनपदों में पशु चिकित्सालय नहीं हैं वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए पशु चिकित्सालय का निर्माण कार्य किया जाय और पुराने एवं अधूरे निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए उनको क्रियाशील कराया जाय। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास डॉ. रजनीश दुबे ने निराश्रित गोवंश से संबंधित अद्यतन स्थिति एवं विभिन्न योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति से मंत्री जी को अवगत कराया और आश्वस्त किया कि मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

# परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर कार्य करें: स्वतंत्र देव

● उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को जलशक्ति मंत्री ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को डॉ राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन तेलीबाग में आयोजित सम्मान समारोह में सिल्ट सफाई के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में 8 अधीक्षण अभियंता, 26 अधिशाशी अभियंता, 60 सहायक अभियंता, 143 जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने 13 समितियों को भी सम्मानित किया। जलशक्ति मंत्री ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा की आशा है कि आप सभी लोग भविष्य में भी इसी प्रकार जल शक्ति विभाग का नाम रोशन करें। जलशक्ति मंत्री ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अटल बहुत ही महान विभूति थे। उन्होंने कहा कि यह अवसर हम सभी के लिए बेहद खास है क्योंकि नदियों एवं नहरों को लेकर अटल का जो विजन था उसे हम सभी पीएम मोदी एवं सीएम योगी के नेतृत्व में पूरा करने में अग्रसर हैं। अटल भूजल योजना से लेकर नहरों और नदियों को जोड़ने की योजना तक आज देश में सभी कार्य श्रद्धेय अटलजी की प्रेरणा से हो रहे हैं। स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर कार्य करें। आपके द्वारा किये गयें अच्छे कार्यों से किसानों के खेतों तक आसानी से पानी की पहुँच सुनिश्चित हो सकेगीए उनके खेतों में हरियाली आएगी और अच्छी उपज होगी, जिससे किसान भाइयों की आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जब किसान खुशहाल होंगे तो देश एवं प्रदेश में वास्तविक खुशहाली आएगी। आपके द्वारा किए गये अच्छे कार्यों के कारण ही विभाग और सरकार का क़द बढ़ेगा।

# प्रदेश की जेलों में कोरोना से बचाव के लिए गाइड लाइन जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वर्तमान** समय में वैश्विक स्तर पर एक बार फिर कोविड-19 संक्रमण के प्रसार को देखते हुए कारागार मुख्यालय की ओर से प्रदेश की सभी जेलों के लिए गाइड लाइन जारी की गई है। मुख्यालय की ओर से कहा गया है कि वर्तमान परिस्थिति में प्रदेश की कारागारों में निरुद्ध बंदियों एवं तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में पूर्व की भांति दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना नितान्त आवश्यक है। इस सम्बन्ध में कारागार मुख्यालय, शासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाइडलाइन तथा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि कोविड-19 संक्रमण के सम्बन्ध में भारत सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। कोविड हेल्प डेस्क को पुनः स्थापित करते हुए एक्टीवेट किया जाए तथा सोशल डेस्टिसिंग का पालन सुनिश्चित कराया जाए। आवश्यकतानुसार आइशोलेसन वार्ड तथा क्वारंनटीन बैरक की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए आवश्यकतानुसार पर्याप्त औषधि की व्यवस्था की जाए। यह सुनिश्चित कर लें कि ऐसे बंदी जो गम्भीर बीमारी से ग्रसित हैं और जिनमें शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता कम है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन बंदियों में बुखार, खांसी, बदन दर्द आदि के लक्षण परिलक्षित होते है उनका तत्काल टेस्ट कराएं और आवश्यक कार्रवाई चिकित्सक के परामर्शानुसार तत्काल सुनिश्चित की जाए। कारागारों की साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य नियमित रूप से पूर्व की भांत सुनिश्चित किया जाए। समस्त अधिकारियो, कमचारियों तथा बंदियों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनने के लिए प्रेरित किया जाए।

# महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान कर आत्मनिर्भर बना रहे राजेश्वर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**महिलाओं** को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना ही उनके सशक्तिकरण का प्रभावी तरीका है। भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए महिलाओं की अधिकतम भागीदारी की आवश्यकता है। यह मानना है सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का। डॉ. राजेश्वर सिंह महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत हैं। महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को सिलाई मशीनें प्रदान कर, महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाकर, उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाकर डॉ. सिंह मातृशक्ति को सशक्त व स्वावलंबी बना रहे हैं।

महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से किए जा रहे सिलाई मशीन वितरण के क्रम में मंगलवार को डॉ. सिंह की टीम ने शारदा नगर प्रथम स्थित सुमितरानी महिला कल्याण समिति को सिलाई-कढ़ाई से संबंधित 8 सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई। टीम राजेश्वर ने समिति को 5 मैन्युअल सिलाई मशीन, 1 मोटराइज्ड सिलाई मशीन, 1 पीको मशीन तथा 1 इंटरलॉकिंग मशीन दी। सिलाई मशीन पाकर संस्था की महिलाओं के चेहरे खुशी से खिले उठे। संस्था की संचालिका व समाज सेविका अर्चना शर्मा ने टीम राजेश्वर को धन्यवाद कहा व डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्पित डॉ. सिंह लगातार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। सरोजनीनगर विधायक ने आगामी पांच वर्षों में 5,000 से अधिक सिलाई मशीन वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसके तहत क्षेत्र में महिला स्वयं सहायता समूहों को निरंतर सिलाई मशीनें वितरित कर रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।

महिलाओं के कौशल विकास के लिए क्षेत्र में ट्रेनिंग सेंटर स्थापित कर महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। इतना ही नहीं डॉ. राजेश्वर सिंह स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को उचित मूल्य दिलाने के लिए बाजार उपलब्ध कराने का भी प्रयास कर रहे हैं।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट वित्तीय साक्षरता में अग्रणी भूमिका निभाएं: डॉ. दिनेश शर्मा

● दो दिवसीय राष्ट्रीय सीए सम्मेलन 'अभ्यादानम' प्रारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**1949** में संसद के अधिनियम के तहत भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान की स्थापना की गई और यह दुनिया में पारदर्शिता, जिम्मेदारी और अखंडता का प्रतीक बन गया। आईसीएआई की सीआईआरसी की लखनऊ शाखा द्वारा आज बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'अभ्यादानम' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा व पूर्व विधायक सीए चंद्र प्रकाश शुक्ला और केंद्रीय परिषद के सदस्य सीए ज्ञान चंद मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रीजनल कॉउंसिल ने डॉ दिनेश शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

डॉ दिनेश शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह कठिन परीक्षा होती है और लंबे प्रशिक्षण उपरांत आप सीए बन पाते हैं। आप सभी अंकेक्षण और लेखांकन से जुड़ा विशिष्ट कार्य कर रहे हैं। डॉ शर्मा ने वित्तीय अनुशासन और साक्षरता के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर देते हुए कहा कि आपने सम्मेलन में जिन विषयों को शामिल किया है, वे वर्तमान में प्रासंगिक हैं और लोगों को इसकी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने निवेश से जुड़ा एक सुझाव देते हुए कहा कि लोग बहुत जल्दी पैसा कमाना चाहते हैं, लेकिन मेरा व्यक्तिगत मानना है कि निवेश लंबे समय तक और धैर्य के साथ करना चाहिए। इससे आपको वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होगी। वर्तमान में वित्तीय समावेशन बढ़ा है और बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने से राशि सीधे हितग्राही के खाते में जा रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी को वित्तीय साक्षरता और वित्तीय अनुशासन के पालन के लिए अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही अपनी आय के अनुरूप हम सभी समय पर आयकर जमा करें। आप सभी जानते हैं कि शासन आपसे प्राप्त हुई राशि से ही देश में विकास कार्य करती है। संबोधन के अंत में उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यक्षेत्र संबंधी ज्ञान से स्वयं को निरंतर अपडेट रखें, जिससे विश्व की मांगों के अनुरूप, आप कदम से कदम मिलाकर चल सकें। आप सबमें इतनी योग्यता है कि आप अपने ज्ञान एवं कौशल से, बाजार की मांगों में होने वाले परिवर्तन एवं चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।

लखनऊ शाखा के सभापति सीए आशीष कुमार पाठक ने बताया कि 3 साल बाद लखनऊ शाखा इस तरह के भव्य कार्यक्रम की मेजबानी कर रही है। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश भर से 1000 से अधिक चार्टर्ड एकाउंटेंट लखनऊ आए हैं। तकनीकी सत्र के पहले दिन प्रख्यात वक्ता डॉ (सीए) गिरीश आहूजा द्वारा संबोधित दिया गया और इसके बाद सीए कमल गर्ग और एडवोकेट (सीए) जेके मित्तल ने दिया। इस अवसर पर एक स्मारिका का भी विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ प्रदेश व्यापी अभियान का आगाज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वच्छ** भारत मिशन (नगरीय) उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए वृहद स्तर पर चार दिवसीय विशेष अभियान की शुरुआत मंगलवार को की गई। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात के दिशा निर्देशन में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं प्रवर्तन दल द्वारा पर्यावरण के लिए हानिकारक सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान इसका प्रयोग करने वालों से भारी जुर्माना भी वसूला गया। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ मंगलवार से चार दिवसीय छापेमारी अभियान



की शुरुआत की गई। 30 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों पर भारी जुर्माना लगाए जाने के साथ ही उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

**चार दिन तक चलेगा अभिमन:** अभियान मंगलवार 27 दिसम्बर को शुरू कर दिया गया है। पहले दिन पटरी दुकानदारों व स्थानीय स्तर पर प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर भारी जुर्माना वसूला गया। दूसरे दिन बुधवार को प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले लोग दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। तीसरे दिन औद्योगिक क्षेत्र में अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक का निर्माण करने वालों के खिलाफ छापेमारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सीएमएस गोमती नगर टॉप 10 स्कूल के खिताब से सम्मानित




**लखनऊ।** गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) को एजूकेशनल लीडरशिप/मैनेजमेन्ट क्वालिटी एवं वैल्यू फॉर मनी मानकों के अन्तर्गत छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने, उन्नत तकनीक व स्टेट ऑफ द आर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए पूरे देश के टॉप 10 स्कूलों में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि के लिए उसे सार्वजनिक सम्मान समारोह में 'टॉप 10 स्कूल' के खिताब से नवाजा गया है। नई दिल्ली स्थित एक होटल में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा अनन्त की ओर से उप-प्रधानाचार्या डा. यासमीन खान एवं प्राइमरी सेक्शन की इंचार्ज समीना जहीर ने 'टॉप 10 स्कूल्स ऑफ इण्डिया' का खिताब ग्रहण किया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि शैक्षिक पत्रिका एजुकेशन वर्ल्ड के तत्वावधान में आयोजित एक सर्वेक्षण में देश भर के विद्यालयों को शैक्षिक उत्कृष्टता, लीडरशिप/ मैनेजमेन्ट, ऐकेडमिक रेप्यूटेशन, लीडरशिप क्वाालिटी, वैल्यू फॉर मनी आदि विभिन्न मानकों पर आंका गया, जिसमें सीएमएस गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर देश के 10 टॉप टेन स्कूल का गौरव हासिल किया। शर्मा ने बताया कि सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी ने सीएमएस गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) इस उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्ता व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा अनन्त व शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। डा. गांधी ने कहा कि इस उपलब्धि का सम्पूर्ण श्रेय विद्यालय के कर्तव्यनिष्ठ व विद्वान शिक्षकों को जाता है जिनकी अतुलनीय निष्ठा व परिश्रम की बदौलय सीएमएस देश ही नहीं अपितु अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। शर्मा ने बताया कि सीएमएस के सभी कैम्पस में छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने के साथ ही सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों, खेल, शिक्षकों की गुणवत्ता, शिक्षक-छात्र अनुपात, अभिभावकों का विद्यालय की शैक्षिक प्रक्रिया में सहयोग, इन्फाट्रक्चर आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अपनी अनूठी शिक्षा पद्धति के कारण सीएमएस आज देश के टॉप विद्यालयों में शामिल हैं एवं इन्हीं उपलब्धियों का परिणाम है कि लखनऊ आज सारे देश में 'क्वालिटी एजूकेशन' का केन्द्र बन गया है जो कि लखनऊवासियों के लिए गर्व का विषय है।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने आयोजित की गोष्ठी

**लखनऊ।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, अवध प्रांत ने ग्राहक दिवस पर ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस प्रत्यूष कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध प्रांत के अध्यक्ष अनिल खरे ने की। उपभोक्ता, ग्राहक और व्यवसायी के हितों की चर्चा करते हुए सेवानिवृत्त जस्टिस कुमार ने कहाकि इनके परस्पर संबंधों को एक जैकेट या स्वरूप में नहीं बांधा जा सकता है। जो भी शोषित है उनके हितों की रक्षा करना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इससे समाज में आर्थिक और सामाजिक समरसता होगी। उन्होंने भारत की प्राचीन पंचायती न्याय व्यवस्था को फिर से स्थापित करने की जरुरत पर बल दिया और कहा इससे लोगों को त्वरित न्याय मिल सकेगा। उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कुमार ने कहा कि ग्राहकों के हितों को ध्यान में रख कर कानूनों में जरूरी बदलाव करने की जरूरत है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रमोद पांडे ने कहा कि हमें शोषणमुक्त व्यवस्था के लिए काम करना चाहिए ताकि ग्राहकों के हितों की रक्षा की जा सके । उन्होंने कहाकि उपभोक्ता शब्द से ग्राहक शब्द ज्यादा अर्थपूर्ण और व्यापक है। उन्होंने कहाकि हम सभी जन्म से मृत्यु तक ग्राहक हैं और उपभोक्तावादी संस्कृति की ओर बढ़ रहे हैं जो उचित नहीं है। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री आरपी सिंह, प्रचार प्रकोष्ठ प्रमुख विश्वनाथ मिश्र, सचिव आशुतोष मिश्र, कोषाध्यक्ष रमाशंकर अवस्थी, उपाध्यक्ष साबरमती खुराना और सत्येंद्र मिश्र, प्रांतीय सह संगठन मंत्री कौशलेंद्र कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग: राठौर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सहकारिता** मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी आज के समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। ऐसा पहली बार है कि प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में विज्ञान एवम तकनीक पर आधारित एक सहकारी समिति की शुरुआत हुई है। पिछले कुछ वर्षों में सहकारी संस्थाओं में युवाओं कि रुचि में कुछ कमी देखने को मिली है। लेकिन आज देश के सर्वोच्च संस्थान जैसे आईआईटी, एनआईटी, आईआईएससी बंग्लौर तथा इम्पीरियल कालेज लंदन इत्यादि में पढे इंजीनियर्स ने सहकारिता में अपना कदम रखा है। यह बातें सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने मंगलवार को गोमती नगर स्थित ताज होटल में साईंस एण्ड टेक्नालाजीस सहकारी समिति के उदघाटन के अवसर पर कही। उन्होंने साईंस एण्ड टेक्नालाजीस सहकारी समिति की फाउण्डर टीम को बधाई दी। श्री राठौर ने कहा कि आज का युग टेक्नॉलाजी का है और प्रदेश में यह पहला अवसर है जब विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित एक सहकारी समिति कि शुरुआत हुई है। इस समिति के गठन के पश्चात कई दुरूह कार्य आसानी से किये जा सकेंगे।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सहकारिता के क्षेत्र मे लगातार अग्रणी रहा है। इसी क्रम में सहकारिता को आगे बढाने के लिये संस्थाओ में ऊर्जावान युवा एवं विज्ञान और तकनीक को बढावा देने उद्देश्य से संकल्प सिंह बोहराजी द्वारा साईंस एण्ड टेक्नालाजीस सहकारी समिति की स्थापना कि गयी है, जिससे सहकारिता के क्षेत्र में नई क्रांति आयेगी। इस अवसर पर बोहराजी ने बताया कि समिति में सभी प्रकार की सुविधाओं को सुचारू ढंग से निष्पादित करने के लिये सभी क्षेत्र के विषय विशेषज्ञ उपलब्ध हैं।

# अब किसानों को ऐप से मिलगी खराब मौसम की जानकारी

● 'दामिनी ऐप' आकाशीय बिजली गिरने के 30 से 40 मिनट पूर्व भेज देगा नोटिफिकेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुक्त,** गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि 'दामिनी ऐप' इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ ट्रापिकल मैट्रोलॉजी पुणे द्वारा एवं मेघदूत ऐप भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। यह दोनों मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध हैं।

दामिनी ऐप के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए भूसरेड्डी ने बताया कि यह ऐप प्रयोगकर्ता किसान को बचाव के तरीकों के सम्बन्ध में सूचना प्रदान करता है। इस ऐप पर रजिस्ट्रेशन करने पर यह उपयोगकर्ता की लोकेशन के अनुसार उस स्थान से 10 किमी. के दायरे में आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी के बारे में ऑडियो संदेश एवं एसएमएस के माध्यम से अलर्ट करता है, जिससे उपयोगकर्ता समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुँच सकते हैं। भूसरेड्डी ने यह भी बताया कि आकाशीय बिजली से बचाव के लिए जारी दिशा निर्देशों को गन्ना किसानों तथा विभागीय कार्मिकों के मध्य प्रचारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इन दिशा-निर्देशों में गन्ना कृषकों को आकाशीय बिजली से बचने के लिए खुले खेत, पेड़ों के नीचे, पहाड़ी इलाकों, चट्टानों का उपयोग न करने की सलाह दी गयी है। इस एडवाइजरी में गन्ना किसानों तथा विभागीय कार्मिकों को वर्षा ऋतु में बिजली गिरने के समय तालाब, झील तथा बिजली का संचालन करने वाली वस्तुओं से दूर रहने का सुझाव भी दिया गया है तथा यह भी बताया गया है कि आकाशीय बिजली गिरने के समय धातुओं के बर्तन न धोयें तथा स्नान इत्यादि करने से भी बचें।

यह सलाह भी दी गयी है कि आकाशीय बिजली के समय आने वाले तूफान के दौरान बिजली के उपकरण या तार वाले फोन का उपयोग न करें एवं बिजली की गरज के दौरान पानी भरे खेत में न रहें तथा बिजली गिरने के दौरान यदि कोई व्यक्ति खुले स्थान पर फंस जाता है और आस-पास कोई छुपने का स्थान न हो तो ऐसी स्थिति में अपने दोनों हाथों को अपने कानों पर रखेंए नीचे की तरफ थोड़ा कम अर्थात उकडू झुकें तथा सुनिश्चित करें कि आपके दोनों पैरों की एड़ी आपस में छू रही हो।

भूसरेड्डी ने मेघदूत ऐप के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल इंडिया के तहत किसानों को तकनीक से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा मेघदूत मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। यह एक सरल और उपयोग में आसान मोबाइल एप्लिकेशन है जो मौसम की जानकारी के आधार पर किसानों को फसल जोखिम प्रबन्धन से संबंधित सलाह प्रदान करता है।

